सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-462
28/09/2017

महाष्टमी पर मुख्यमंत्री ने गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में माँ दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना की

पटना, 28 सितम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महाष्टमी के मौके पर आज संध्या गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति स्थित माँ दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना की अैार देश एवं प्रदेश की प्रगति की कामना की। आयोजकों ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का चुनरी ओढ़ा कर स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ विधान पार्षद श्री डा0 रणवीर नंदन, विधान पार्षद श्री संजय सिंह उर्फ गांधी जी, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार और मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा उपस्थित थे।

******